परेशानी

रजेगांव शराब दुकान के ग्राहक पुलिस के डर से लौट रहे

आरटीओ चेक पोस्ट की मनमानी से ठप पड़ा कारोबार

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट से रजेगांव मार्ग पर संचालित देशी-विदेशी शराब दुकान के सामने आरटीओ पुलिस की मौजूदगी अब विवाद का कारण बनती जा रही है। दुकान के ठीक सामने बनाए गए अस्थायी चेक पोस्ट और वहीं पुलिसकर्मियों के लगातार डटे रहने से ग्राहकों में भय का माहौल बन गया है, जिसका सीधा असर दुकान के व्यवसाय पर पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, जिस मार्ग से ग्राहक शराब दुकान तक पहुंचते हैं, उसी रास्ते पर आरटीओ विभाग ने चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर रखा है। स्थिति यह है कि पुलिसकर्मी उसी रास्ते पर मंडप लगाकर कुर्सियां डालकर बैठे रहते हैं। ऐसे में दुकान तक आने वाले ग्राहक खुद को असहज महसूस करते हैं और कई बार बिना खरीदारी किए ही वापस लौट जाते हैं।

दुकान संचालक ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि पुलिस की यह तैनाती उनके व्यवसाय के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। उनका कहना है कि यदि चेकिंग करनी ही है, तो उसे दुकान से कुछ दूरी पर किया जाना चाहिए, ताकि ग्राहकों को किसी प्रकार की झिझक या डर का सामना न करना पड़े। वर्तमान स्थिति में लोग दुकान तक आने से कतराने लगे हैं, जिससे बिक्री में गिरावट दर्ज की जा रही है।

स्थानीय लोगों का भी मानना है कि इस तरह दुकान के ठीक सामने पुलिस की मौजूदगी अनावश्यक दबाव बनाती है। ग्राहकों को यह आशंका रहती है कि कहीं उन्हें बेवजह रोका या पूछताछ न कर ली जाए। यही कारण है कि कई लोग वैकल्पिक रास्ते तलाश रहे हैं या फिर खरीदारी टाल रहे हैं।

मौके पर मौजूद स्थिति यह दर्शाती है कि चेक पोस्ट आने-जाने वाले मार्ग के बीचों-बीच बनाया गया है, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर, पुलिसकर्मी दुकान की ओर जाने वाले रास्ते के पास ही बैठते हैं, जिससे यह पूरी व्यवस्था और अधिक संवेदनशील हो जाती है।

इस संबंध में आरटीओ चेक पोस्ट पर तैनात प्रभारी अधिकारी का कहना है कि यह व्यवस्था अस्थायी है और जल्द ही इसमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो दिनों के भीतर मंडप को हटाकर चेकिंग व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना न करना पड़े।

हालांकि, वर्तमान में श्रमिकों की कमी के कारण मंडप हटाने में देरी हो रही है। लेकिन विभाग का दावा है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान किया जाएगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन कब तक इस मुद्दे का स्थायी हल निकाल पाता है और प्रभावित व्यवसाय को राहत मिल पाती है।

संघर्ष रंग लाया, दिव्यांग मुकेश को मिली नई रफ्तार

समाजसेवी की पहल और प्रशासन की संवेदनशीलता से साकार हुई मदद

नवभारत, परसवाड़ा। कुछ माह पूर्व प्रकाशित समाचार में ग्राम चीनी (जनपद पंचायत परसवाड़ा) के दिव्यांग युवक मुकेश सर्राटे के संघर्ष को प्रमुखता से उठाया गया था। उस समय वे पुरानी ट्राइसाइकिल के सहारे गांव-गांव जाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे और एक बेहतर साधन की उम्मीद लगाए बैठे थे। अब वही उम्मीद हकीकत में बदल गई है और मुकेश को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल मिल गई है, जिससे उनके जीवन में नई गति और आत्मविश्वास आया है।

समाचार के प्रकाशन के बाद समाजसेवी रामेश्वर कटरे की पहल और प्रशासन के प्रयासों से 7 अप्रैल को बैहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अर्पित गुप्ता द्वारा मुकेश सर्राटे को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर मुकेश के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

मीडिया से चर्चा करते हुए एसडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया — 'यह प्रकरण काफी पहले हमारे पास आया था, जब मैं परसवाड़ा में पदस्थ था। हमें जानकारी मिली कि मुकेश को इस ट्राइसाइकिल की आवश्यकता है। उनकी मेहनत और लगन को ध्यान में रखते हुए हम लगातार प्रयासरत थे कि उनके लिए यह व्यवस्था हो सके। आज यह संभव हुआ, इसकी खुशी है।'

उन्होंने आगे कहा — 'मैं डीसीएस लिमिटेड का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने हमारी बात को समझा और सहयोग किया। उनके सहयोग से ही मुकेश को यह ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जा सकी। हमें पूरी उम्मीद है कि इससे केवल एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि कई लोगों में आत्मविश्वास पैदा होगा कि मेहनत और लगन से दिव्यांगता कभी बाधा नहीं बनती, बल्कि यही हमारी ताकत बन सकती है। एक सामान्य व्यक्ति की तरह जीविका अर्जन के लिए जो भी करना जरूरी है, वह हम कर सकते हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि आगे भी ऐसे जरूरतमंदों की मदद करते रहें।'

इस पूरे मामले में समाजसेवी रामेश्वर कटरे की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने मुकेश की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाया और लगातार प्रयास कर उन्हें यह सहायता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बैटरी ट्राइसाइकिल मिलने के बाद मुकेश सर्राटे ने भावुक होकर कहा — 'मैं आज बहुत खुश हूं। जिन्होंने भी मेरी मदद की है, उन्हें दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। खासकर हमारे गांव के समाजसेवी रामेश्वर भैया को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनकी वजह से मुझे यह सहारा मिला।'

पीजी कॉलेज में 30 दिवसीय ज्वेलरी डिजाइनिंग कोर्स आयोजित

विद्यार्थियों को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण

नवभारत, बालाघाट। शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के फ्लैगशिप कार्यक्रम 'कौशल्यम्' के अंतर्गत आयोजित किया गया।

इस कोर्स में विद्यार्थियों को 'हस्तनिर्मित आभूषण निर्माण' (ज्वेलरी डिजाइनिंग) का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शीतल सिसोदिया द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें बी.ए. एवं बी.एससी के लगभग 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने रेशम के धागों का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की चूड़ियां, कंगन, हार सेट एवं झुमके बनाना सीखा। हस्तशिल्प विषय की प्रभारी डॉ. आशा गोहे ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थी न केवल रचनात्मक कौशल सीखते हैं, बल्कि भविष्य में स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यशाला आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें डॉ. रचना कोरी, सुश्री प्राशु गौतम, श्रीमती मनोजबाई उइके एवं कुमारी कल्याणी उइके ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. मराठे द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई, जिससे उन्हें व्यावसायिक कौशल एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष घनघोरिया का आत्मीय स्वागत

नवभारत, लालबर्रा । नगर मुख्यालय लालबर्रा में मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया का आत्मीय स्वागत लालबर्रा सिवनी रोड स्थित मेसर्स अनीस पेट्रोलियम में किया गया उक्तशय की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा के सरपंच अनीस खान ने बताया कि आज प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया जी का एक दिवसीय जिला बालाघाट दौरा था जहां उन्होंने युवा एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों से भेंट की आज रात्रि में बालाघाट से भोपाल लौटते समय प्रदेश अध्यक्ष श्री घनघोरिया लालबर्रा स्थित सरपंच अनीस खान के प्रतिष्ठान पेट्रोल पंप में सौजन्य भेंट व चर्चा हेतु रुके थे जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया इस अवसर पर लालबर्रा सरपंच अनीस खान,

विधायक प्रतिनिधि शैलेश केकती, सुमित स्वामी, वरिष्ठ कांग्रेसी नितिन सांखला, रामनाथ सोनी, अशोक जैन, ऋतिक कटारे, राजू मेहरबान, सुनील अवधिया, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा, ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष लालबर्रा, शुभम गुप्ता, सोलंकी सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

बालाघाट में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

नवभारत, बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन तथा उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहॉ के नेतृत्व में जिले में अवैध रेत खनन व परिवहन पर निरंतर व सख?ती से कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी कडी में 07 अप्रैल को खनिज विभाग के निरीक्षक बसंत पाटिल एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भटेरा में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बिना नंबर प्लेट के अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

सुश्री फरहत जहॉ ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) बालाघाट परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि संबंधित वाहन द्वारा किया जा रहा रेत परिवहन मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 3 का उल्लंघन है। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

रामपायली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन डिलीवरी सुविधा शुरू करने की मांग तेज

30 गांवों की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला

नवभारत, बालाघाट। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली में सिजेरियन डिलीवरी (ऑपरेशन से प्रसव) की सुविधा नहीं होने के कारण आसपास के लगभग 30 से अधिक गांवों की गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण जनहित मुद्दे पर शासन एवं स्वास्थ्य विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए अस्पताल में सिजेरियन प्रसव सुविधा शुरू करने तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की मांग की है।

जानकारी के अनुसार रामपायली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण अंचल के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। सामान्य प्रसव तो यहां हो जाते हैं लेकिन जटिल प्रसव (कम्प्लीकेटेड केस) आने पर सिजेरियन की सुविधा नहीं होने से मरीजों को मजबूरी में जिला अस्पताल बालाघाट या निजी अस्पतालों में भेजना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि प्रसव पीड़ा के दौरान अचानक स्थिति गंभीर होने पर मरीज को तत्काल बड़े अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे समय में एम्बुलेंस की उपलब्धता, सड़क की दूरी और आर्थिक स्थिति जैसी समस्याएं सामने आ जाती हैं।

1.कई गांवों से रामपायली तक पहुंचने में ही काफी समय लग जाता है ।2.वहां से जिला अस्पताल ले जाने में और देरी हो जाती है ।3.गरीब परिवारों को निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है ।4.कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने से जच्चा और बच्चा दोनों की जान खतरे में पड़ जाती है। स्वास्थ्य से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर सिजेरियन सुविधा उपलब्ध हो जाए तो कई आपातकालीन स्थितियों को समय रहते संभाला जा सकता है ।क्षेत्र की जनता ने अस्पताल में निम्न विशेषज्ञों की नियुक्ति की मांग भी उठाई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने लालबर्रा के शासकीय कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

नवभारत, लालबर्रा । प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कसावट लाने और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार, 7 अप्रैल को दोपहर ठीक 1 बजे उन्होंने लालबर्रा विकासखंड के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस आकस्मिक कार्रवाई से हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय, पशु चिकित्सालय सहित विद्युत विभाग के अमोली व लालबर्रा कार्यालयों का सूक्ष्मता से जायजा लिया। इस दौरान कई विभागों में भारी अव्यवस्थाएं और कामकाज में लापरवाही उजागर हुई, जिस पर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण की सबसे गंभीर स्थिति विद्युत विभाग में देखने को मिली। श्री सरस्वार जब अमोली और लालबर्रा स्थित कार्यालयों में पहुँचे, तो वहां ट्रांसफार्मर की उपलब्धता में भारी कमी पाई गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका बनी रहती है। सबसे चौंकाने वाला मामला किसानों के शोषण से जुड़ा सामने आया। अध्यक्ष को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि विद्युत कनेक्शन देने के नाम पर किसानों से नियम विरुद्ध तरीके से अतिरिक्त और अवैध राशि की वसूली की जा रही है।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सम्राट सरस्वार ने स्पष्ट किया कि किसानों के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही कहा, 'किसानों की गाढ़ी कमाई को भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है। जैसे ही जांच रिपोर्ट आएगी, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। 'निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग और एनआरएलएम की कार्यप्रणाली भी जाँची गई। यहाँ विभाग की विवशता और संसाधनों की कमी प्रमुखता से सामने आई। यह पाया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के पास स्वयं का कोई शासकीय भवन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण विभाग वर्तमान में किराए के कमरों में संचालित हो रहा है।

स्थान की कमी और संकीर्ण कमरों के कारण न केवल विभागीय कर्मचारियों को कार्य करने में असुविधा हो रही है, बल्कि शासन की महत्वपूर्ण सामग्रियों और दस्तावेजों के सुरक्षित रखरखाव में भी भारी परेशानी आ रही है। अध्यक्ष ने माना कि बुनियादी ढांचे की यह कमी विभागीय दक्षता को प्रभावित कर रही है और इसके स्थायी समाधान की आवश्यकता है। सम्राट सरस्वार ने पशु चिकित्सालय का भी रुख किया, जहाँ उन्होंने दवाइयों के स्टॉक और पशुओं के उपचार हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने डॉक्टरों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के पशुपालकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया और अनुपस्थित या देरी से आने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के संकेत दिए।

सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप सकल जैन श्री संघ कटंगी द्वारा आयोजित

नवभारत,कटंगी। 9 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर भारत सहित 108 देशों में श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक भावनाओं के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य पर जीतो संस्था एवं सकल जैन श्री संघ कटंगी के तत्वाधान मे सामूहिक नवकार मंत्र जाप आयोजित है जो कि श्री सुपार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर के पीछे उपाश्रय में प्रात: 8.00 बजे से 9.00 बजे तक रखा गया है इस अवसर पर कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी ने सभी से अपील की है 9 अप्रैल को जीतो इंटरनेशनल संस्था की तरफ से कटंगी जैन मंदिर में विश्व शांति के लिए सामुहिक नवकार मंत्र जाप का आयोजन सुबह 8.00 बजे से 9.00 बजे तक किया जा रहा है जिसमें विश्व में जो अशांति फैली हुई है वर्तमान समय में जो युद्ध चल रहे है उसकी शांति के लिए हम सब सहभागी बने और इस नवकार महामंत्र जाप में शामिल हो। गणेश पौषध शाला के अध्यक्ष पवन कोठारी,जैन मूर्तिपूजक संघ के सचिव कमल भड़गतिया एवं कटंगी निवासी विशाल कोठारी ने भी विश्व नवकार महामंत्र जाप के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जिन शासन की शोभा बढ़ावे की अपील की है उन्होंने कहा यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि विश्व में शांति सदभाव और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का महत्वपूर्ण प्रयास भी है।